# वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

प्रश्न–1.विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध एवं तीव्र एकीकरण को कहा जाता है–

(अ) सरकारी निवेश (ब) वैश्वीकरण (स) निजीकरण (द) विदेशी व्यापार (ब)

प्रश्न–2 विदेशी व्यापार तथा विदेशी निवेश का प्रारंभ भारत में कब हुआ–

(अ) 1980 (ब) 1991 (स) 1995 (द) 2001 (ब)

प्रश्न–3 अंतरराष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाने व अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का निर्धारक है–

(अ) यूनिसेफ (ब) यूनेस्को

(स) विश्व व्यापार संगठ (द) विश्व स्वास्थ्य संगठन (स)

प्रश्न–4 एक से अधिक देशों में अपनी औद्योगिक इकाइयाँ व कार्यालय स्थापित करती है–

(अ) राष्ट्रीय कंपनियाँ (ब) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ

(स) अंतरराज्यीय कंपनियाँ (द) अन्य (ब)

प्रश्न–5 दो या दो से अधिक देशों के बीच वस्तुओं व सेवाओं का आदान प्रदान कहलाता है–

(अ) देशी व्यापार (ब) विदेशी व्यापार

(स) अंतरराज्यीय व्यापार (द) अन्य (ब)

प्रश्न–6 वैश्वीकरण ने जीवन स्तर में सुधार व ज्यादा सुविधाएँ प्रदान की है–

(अ) सभी लोगों को (ब) विकासशील देशों को

(स) विकसित देशों को (द) अन्य (स)

प्रश्न–7 बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किस रूप में ज्यादा संपन्न मानी जाती है–

(अ) तकनीकी रूप से (ब) वितीय रूप से

(स) वस्तु व सेवा की गुणवता में (द) उपर्युक्त सभी (द)

प्रश्न–8 प्रतिस्पर्धा और वैश्वीकरण के दबाव का सबसे अधिक प्रभाव किस पर पडा है–

(अ) भू–स्वामी (ब) श्रमिक

(स) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ (द) अन्य (ब)

प्रश्न–9 भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के योगदान का क्या प्रभाव पडा है–

(अ) विदेशी निवेश में वृद्धि (ब) विदेशी कंपनियों को एकाधिकार

(स) बाजार नियंत्रण प्रभावी (द) इनमें से कोई नहीं (अ)

प्रश्न–10 न्यायसंगत वैश्वीकरण हेतु सरकार के प्रयास होने चाहिए–

(अ) व्यापार एवं निवेश अवरोधकों का उपयोग

(ब) श्रमिक कानूनों का उचित क्रियान्वयन

(स) छोटे उत्पादकों के कार्य निष्पादन में सुधार के प्रयास

(द)उपर्युक्त सभी (द)

**रिक्त स्थान की पूर्ति–**

1. भूमि,भवन,मशीन तथा अन्य उपकरणों की खरीद हेतु किया गया व्यय ..................कहलाता है। **निवेश**/व्यापार

2. विश्व व्यापार संगठन में वर्तमान में ....................सदस्य देश है। 184/**160**

3. वैश्वीकरण को संभव बनाने में..................महत्वपूर्ण कारक है। **प्रोद्योगिकी का तीव्र विकास**/संपति का अर्जन

4. आयात पर लगाया गया कर ..............का एक विकल्प है। **व्यापार अवरोधक** / विनिवेश

5. .......................एक भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है। फोर्ड मोटर्स/**टाटा मोटर्स**

लघुतरात्मक प्रश्न–

प्रश्न–1 विदेशी निवेश किसे कहते है ?

उतर– बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ कम लागत वाले स्थानों पर वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करती है। इस उत्पादन हेतु किया गया निवेश ही विदेशी निवेश कहलाता है।

प्रश्न–2 विदेशी व्यापार क्या है ?

उतर– विदेशी व्यापार घरेलू बाजारों अर्थात अपने देश के बाजारों से बाहर के बाजारों में पहूँचने के लिए उत्पादकों को अवसर प्रदान करता है जिससे विभिन्न देशों के बाजार आपस में एकीकृत हो सके।



प्रश्न–3 वैश्वीकरण को प्रभावी बनाने वाले प्रमुख कारकों से क्या अभिप्राय हैं ?

उतर– वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने वाले कारकों से अभिप्राय– परिवहन प्रोद्योगिकी की तीव्र उन्नति से हैं। इसके अतिरिक्त सूचना एवं संचार तकनीकी की उन्नति भी महत्वपूर्ण कारक है।

प्रश्न–4 उदारीकरण से आप क्या समझते है ?

उतर– उदारीकरण से अभिप्राय आयात निर्यात एवं विदेशी व्यापार पर लगे प्रतिबंधो को समाप्त करने से हैं अथवा इन्हें कम करने से हैं।

प्रश्न–5 भारत में लघु उत्पादकों को बाजार में बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक आधारभूत चीजे कोनसी हैं ?

उतर– बेहतर सडकें, बिजली–पानी, कच्चा माल, विपणन एवं सूचनातंत्र के साथ ही प्रोद्योगिकी में सुधार एवं आधुनिकीकरण तथा उचित ब्याज दर पर साख की उपलब्धता आदि महत्वपूर्ण आधार प्रदान करने हेतु आवश्यक है।

प्रश्न–6 बहुराष्ट्रीय कंपनी क्या है ?

उतर– बहुराष्ट्रीय कंपनी से अभिप्राय ऐसी कंपनी जिसका व्यवसाय एक से अधिक राष्ट्रों में फैला होता है जिसमें उत्पादन मूल्य, गुणवता, आपूर्ति तथा श्रम शर्ते निर्धारण की अपार क्षमता होती है।

प्रश्न–7 बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विदेशों में निवेश किस प्रकार करती है ?

उतर– बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विदेशों में सीधे ही कारखाने स्थापित कर सकती हैं, स्थानीय कंपनियों को खरीद सकती हैं तथा स्थानीय कंपनियों के साथ मिलकर संयुक्त उत्पादन भी करती हैं।

प्रश्न–8 निजीकरण से आप क्या समझते है ?

उतर– निजी क्षेत्रों पर लगे कडे नियंत्रण को हटाकर उन्हें आवश्यक निर्णय लेने हेतु स्वतंत्र रखना ही निजीकरण है।

प्रश्न–9 भारत में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में निवेश का क्या प्रभाव पडा ?

उतर– बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निवेश के कारण भारत में विदेशी निवेश बढा है, इससे भारत में नए–नए उद्योगों की स्थापना हुई हैं। साथ ही गुणवतायुक्त वस्तुओं की उपलब्धता एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई हैं।

प्रश्न–10 व्यापार अवरोधक से क्या अभिप्राय है ?

उतर– सरकार द्वारा लगाए गए वे प्रतिबंध, जिनसे विदेशी व्यापार नियमित होता है तथा नियंत्रित रहता है।